


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 26 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 253 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला

# चंपत राय का इस्तीफा

## ट्रस्टी अनिल मिश्रा की भी छुट्टी, चालक टिन्नू सहित आठ गिरफ्तार




**● सभी आरोपियों को पुलिस लेगी 14 दिन रिमाण्ड पर**

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को इस्तीफा सौंपा। ट्रस्टी नृपेंद्र मिश्रा ने बताया- चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे की सूचना मुझे मिली है। दिल्ली में राम मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख नृपेंद्र मिश्र ने चंपत राय और अनिल मिश्र के इस्तीफे की पुष्टि की है। इससे पहले, चंपत राय के करीबी रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आज सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 14 दिनों की रिमांड मांगेगी। दरअसल, गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली एफआईआर दर्ज की गई।

हालांकि, एफआईआर में चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। राम मंदिर के लिए उद्धव ने 1 करोड़ रुपए और 4 किलो चांदी की ईंट दान की थी। इतने सालों बाद भी ट्रस्ट की ओर से रसीद नहीं मिली है। आखिर ईंट कहां गई? अब जवाबदेही तय करने का समय आ गया है। वहीं, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को रामलला के दर्शन किए। कहा-जिन्होंने महापाप किया, उन्हें कड़ी सजा मिले। एफआईआर महज दिखावा है। बड़े लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

उधर चंपत राय को लेकर आवाज उठ रही है कि जब तक वह कुर्सी पर बैठे रहेंगे, निष्पक्ष जांच की बात बेमानी होगी। जिस तरह जैन हवाला कांड के आरोप लगते ही आडवाणी जी ने इस्तीफा दिया था और बेदाग होने के बाद चुनाव लड़ा।

उन्होंने नैतिकता का सर्वोच्च मानदंड स्थापित किया था। अगर चंपत राय उस पद पर बने रहेंगे तो आपको लेकर निष्पक्ष जांच की उम्मीद पूरी तरह बेमानी है। जब तक जांच चले, चंपत राय को खुद ही पद छोड़ देना चाहिये।

### तमाम निगरानी को दरकिनार कर शहर में घुस आया निहंगों का जत्था

**देहरादून।** कर्णप्रयाग और रुद्रप्रयाग की घटनाओं के बाद निहंगों के उत्तराखंड कूच की सूचना पर देहरादून पुलिस ने हिमाचल सीमा से लगे कुल्हाल में कड़ी निगरानी और बैरिकेडिंग की थी। प्रेमनगर क्षेत्र में भी पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके बावजूद निहंगों का एक जत्था शहर के भीतर पहुंच गया और पटेलनगर थाना क्षेत्र तक आ गया। यहां पुलिस ने उन्हें रोककर वापस भेजा। इस घटनाक्रम ने पुलिस की घेराबंदी, खुफिया तंत्र और आपसी समन्वय पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, निहंग सिक्खों ने उत्तराखंड की ओर कूच का आह्वान किया था। इसके बाद देहरादून जिले में विशेष सतर्कता बरती गई। कुल्हाल सीमा पर वाहनों की जांच, बैरिकेडिंग और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रेमनगर क्षेत्र में भी निहंगों के संभावित प्रवेश को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का दावा किया गया।

### संभल में मोहर्रम जुलूस के नए रास्ते की मांग हाई कोर्ट ने की खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संभल जिले के हजरतनगर गढ़ी के मुस्लिम समुदाय की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मोहर्रम पर आलम/ताजिया जुलूस के लिए नया रास्ता देने की मांग की गई थी। शरीफ अहमद और अन्य याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर मांग की थी कि 26/27 जून को पड़ने वाले मोहर्रम की 10वीं तारीख (यौमे आशूरा) पर ताजिया जुलूस के लिए नए रास्ते की अनुमति दी जाए। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार की खंडपीठ ने जनहित याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धर्म पालन का अधिकार है, लेकिन किसी विशेष रास्ते से जुलूस निकालने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि 1952 से 2022 तक हजरतनगर गढ़ी से रेलवे क्रासिंग होते हुए कर्बला तक जुलूस निकाला जाता था। वर्ष 2022 में रेलवे लाइन के विद्युतीकरण के दौरान एक दर्दनाक हादसे में चार अलमदार उच्च वोल्टेज बिजली की चपेट में आ गए।

### वेनेज़ुएला में भूकंप से अब तक 235 की मौत, 4300 घायल, हजारों लापता

**नई दिल्ली।** वेनेज़ुएला में आए ज़बरदस्त भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 235 हो गई है। 4,300 से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं और हज़ारों लोग अभी भी लापता हैं, जबकि बचाव दल और परेशान निवासी उत्तरी इलाके में मलबे के बीच खोजबीन कर रहे हैं। इन दो शक्तिशाली भूकंपों ने देश को तबाह कर दिया है और इमारतें मलबे में तब्दील हो गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री कार्लोस अल्वाराडो ने कहा कि अधिकारियों को लगभग 235 ऐसे मरीज़ मिले हैं जिनमें कोई जीवन-संकेत नहीं थे या जो हमारे स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुँचने पर मृत पाए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि हज़ारों लोग अभी भी लापता हैं जिनके जीवित मिलने की उम्मीद अब खत्म होती जा रही है।

### मिर्जापुर में पहुंचे डिप्टी सीएम किया दर्शन-पूजन

**मिर्जापुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार को मिर्जापुर दौरे पर पहुंचे। उनका हेलिकॉप्टर सुबह कोन विकास खंड के मुजेहरा में टमटम हॉस्पिटल के पास बने हेलिपैड पर उतरा। यहां नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, नगर पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी व भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज के साथ अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। विंध्याचल धाम में दर्शन- पूजन के बाद डिप्टी सीएम मुजेहरा के चेकसारी पावर हाउस के पास डॉ. टमटम मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में पहुंचे।

## आस्था से खिलवाड़ किया तो खैर नहीं

**● रामभक्तों की अग्निपरीक्षा मत लो, देवरिया में विपक्ष पर बरसे सीएम योगी**



**देवरिया।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में विशेष जांच दल (SIT) की प्रारंभिक रिपोर्ट आने और इस मामले में पहली प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। देवरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने दोटूक शब्दों में कहा कि सरकार ने पहले दिन ही साफ कर दिया था कि इस मामले में 'दूध का दूध और पानी का पानी' होकर रहेगा। जैसे ही एसआईटी की रिपोर्ट आई, तुरंत कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आज इस मामले को लेकर उंगलियां उठा रहे हैं, उनकी मंशा कभी अच्छी नहीं रही। ये वही लोग हैं जिन्होंने कभी भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था।

### प्रेग्नेंट बीवी को बाल्टी में डुबोकर मार डाला



फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद जिले के पल्ला थाना क्षेत्र में छह माह की गर्भवती नेहा की हत्या कर दी गई। परिजनों ने पति अमित गुप्ता पर काम के विवाद में मारपीट कर पानी में डुबोकर मारने का आरोप लगाया। आरोपी फरार है। परिजनों का आरोप है कि काम पर जाने को लेकर हुए विवाद के दौरान पति ने पत्नी से मारपीट की और पानी से भरी बाल्टी में उसका सिर डुबोकर उसे मार डाला। मृतका की पहचान 26 वर्षीय नेहा कुमारी के रूप में हुई है। वह मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली थी। आरोपी पति अमित गुप्ता उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का निवासी बताया गया है। दोनों की शादी 30 अप्रैल 2025 को हुई थी और वे पंचशील कॉलोनी स्थित अपने मकान में निवास कर रहे थे।

### केजरीवाल के अयोध्या दौरे का विरोध, संतों ने जलाया पुतला

**अयोध्या।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज अयोध्या दौरे पर पहुँचे तो उनका स्वागत विरोध प्रदर्शनों और केजरीवाल वापस जाओ जैसे नारों से हुआ। दरअसल, केजरीवाल ने वर्षों पहले कथित रूप से राम मंदिर की जगह स्कूल, अस्पताल और शौचालय बनाने जैसा विवादास्पद बयान दिया था। केजरीवाल जब रामनगरी पहुंचे तो संत समाज और कई स्थानीय संगठनों ने उनका जोरदार विरोध किया। जगह जगह 'केजरीवाल वापस जाओ' के नारे लगे और संतों ने उनका पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

### मुहर्रम जुलूस के दौरान हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया ताजिया एक युवक की मौत, चार झुलसे

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले के अलीगंज शहर में मुहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। जुलूस के दौरान एक ताजिया अचानक असंतुलित होकर एक तरफ झुक गया और वहां से गुजर रही हाई-टेंशन बिजली की लाइन से टकरा गया। इस हादसे में करंट की चपेट में आने से चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अस्पताल में चार घायलों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। एसपी सिटी श्वेताभ पांडे ने कहा कि अलीगंज शहर में एक ताजिया जुलूस के दौरान ताजिया अचानक एक तरफ झुक गया और पास की हाई-टेंशन बिजली की लाइन से टकरा गया। इससे 4 लोगों को करंट लग गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




### यात्री वाहन और ट्रक की भिड़ंत में सात की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब कोयला लदे एक ट्रक ने बैंड पार्टी को लेकर जा रही वैन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रामगढ़-बोकारो मार्ग जाम कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के अनुसार, हादसा राज-रप्पा थाना क्षेत्र के बरलोंग बुधबाजार इलाके में आधी रात के आसपास हुआ। बैंड पार्टी के सदस्य किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक ने उनकी वैन को टक्कर मार दी। रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) आलोक रंजन ने बताया कि दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### महिला सिपाही की चेन लूटने वाला बदमाश मारा गया



**शामली।** यूपी के शामली में शुक्रवार तड़के 5 बजे 50 हजार का इनामी बदमाश मेहताब एनकाउंटर में मारा गया। बदमाश किसान से मोबाइल लूटकर भाग रहा था। पुलिस ने 12 किमी तक पीछा कर उसे घेर लिया। खुद को घिरता देख उसने कार्बाइन से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश मारा गया। आरोपी मेहताब उर्फ बेचैन मुकीम काला गैंग का सक्रिय सदस्य था। उस पर 34 मुकदमे थे। 1 मार्च को उसने शामली में ही महिला सिपाही से तमंचे के बल पर कुंडल और चेन लूट ली थी। इसके अलावा, एक शुगर मिल के अफसर के साथ भी लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था।

### दूसरे धर्म की लड़की से लव मैरिज करने वाले युवक की हत्या

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ओझौल गांव में शुक्रवार की सुबह एक युवक की तलवार से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान दिलीप सहनी के पुत्र सुनील सहनी के रूप में हुई है। हत्या का आरोप बिहार पुलिस के एक दारोगा मोहम्मद मोबिन पर लगा है, जो वर्तमान में पटना में तैनात बताया जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दारोगा ने खुद को भी गोली मार ली।

### टोल बूथ से टक्कर के बाद टैंकर में लगी आग, पांच झुलसे

**कौशांबी।** शहर में शुक्रवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। कानपुर की तरफ से एक एलपीजी भरा टैंकर गंगा पार की तरफ जा रहा था। करीब साढ़े छह बजे जैसे ही टैंकर कोखराज क्षेत्र के सिरोही टोल प्लाजा के समीप पहुंचा, तभी एलपीजी के लीकेज होने से अचानक उसमें आग लग गई। इससे अनियंत्रित होकर टैंकर एक टोल बूथ में टकरा गया। बूथ में टकराने के कारण उसमें रहे पांच टोलकर्मी आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि अन्य करीब आठ-10 टोलकर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई। झुलसे टोलकर्मियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके नाम हीरामणि, आलोक, कृष्ण पाल, अतुल और गनमैन राजू है। बताते हैं कि आग लगने से वहां खड़ी टोलकर्मियों की कई दो और एक-दो चार पहिया वाहन भी जल गए।

जनमुख City लाइव
हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 44.0°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 26 जून, शुक्रवार, 2026 (2)







# याद की गयी हुसैन शहादत

## पढ़ी गयी फातिहा, ठंडा किए ताजिए, जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं



**वाराणसी।** वाराणसी में दसवी मुहर्रम पर शुक्रवार को शहर से लेकर गांव तक के इमाम चौकों पर ताजिये सजाए गए। हाथों में ताजिए उठाए तो 'या हुसैन या हुसैन' की सदाएं गूंज उठी। इमाम चौकों पर शहीदाने कर्बला की याद में फातिहा पढ़ी गई और इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को शिद्दत से याद की गई। 10वीं मुहर्रम को हर तरफ से जुलूस उठाए गए। शहर में उठने वाले ताजिये का जुलूस सदर इमामाबाड़ा सरैया, दरगाहे फातमान, शिवाला इमामबाड़ा में ठंडा किया गया। उधर, लोहता, पिंडरा, बड़ागांव, सेवापुरी, चिरईगांव सहित ग्रामीण इलाकों में ताजिये उठाकर कर्बला में दफन किए गए। हुसैन

### ● शहर की बड़ी ताजिये की जियारत को उमड़ी भीड़

की सदाएं बुलंद करते लोग इस्लामिक झंडा लेकर आगे बढ़ रहे थे। शहर की बड़ी ताजिये की ज़ियारत के लिए भीड़ उमड़ती रही। बच्चे खासे उत्साहित दिखे और नई सड़क, नदेसर, दालमंडी, गोलगड्डा समेत तमाम इलाकों में चहल पहल रही। मुहर्रम को लेकर जैतपुरा समेत मिश्रित आबादी क्षेत्रों में कमिश्नरेट पुलिस विशेष सतर्क रही। संवेदनशील जैतपुरा के दोषीपुरा में पुलिस की विशेष निगरानी रही। दोषीपुरा मैदान में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। थानों के फोर्स के अलावा महिला पुलिसकर्मी और पीएसी की एक प्लाटून मौजूद रही।




## वाराणसी एयरपोर्ट से स्पाइसजेट की सभी उड़ानें बंद

**वाराणसी।** वाराणसी से स्पाइसजेट की सभी नियमित उड़ानें बंद हो गई हैं। परिचालन लागत और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की लगातार बढ़ रही कीमतों के बीच एयरलाइन ने अपना संचालन अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया है। वाराणसी से अब तक 14-15 उड़ाने संचालित करने वाली एयरलाइंस स्पाइसजेट की अंतिम 3 फ्लाइट बनारस से उड़ीं। गुरुवार शाम की फ्लाइट अंतिम फ्लाइट थी। कंपनी ने अपने सभी विमानों को दिल्ली और मुंबई हैंगर पर लगा दिया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ईपीसी (सिंगल स्टेज) निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ईपीसी (सिंगल स्टेज) निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** ई–प्रापण निविदा संख्याः उप मु० इन्जी०-नि०-बीएसबी-ईपीसी-01-2026, दिनांकः 23-06-2026, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के पनियहवा-छितौनी-तमकुही रोड नई बीजी रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत पनियहवा (छोड़कर) (चेनेज 0+350)–मधुबनी (सहित) (चैनेज 29+400) खंड (लंबाईः 29.050 किमी) की नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यो, विद्युतीकरण कार्यो और सिग्नलिंग कार्यो के लिये इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) निविदा का कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 4,59,76,19,951.56, बयाना राशि(रू.): ₹ 9,19,52,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 (चौबीस) माह।

**नोटः** ♦ बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 07-08-2026 ♦ उपरोक्त ईपीसी (सिंगल स्टेज) निविदा सबमिसन की बन्द होने की तिथिः दिनांक 21-08-2026, 16:00 बजे तक। ♦ उपरोक्त ईपीसी (सिंगल स्टेज) निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 31-08-2026 को 16:00 बजे के उपरांत। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
♦ उप मुख्य इंजीनियर/नि०/I/वाराणसी, मो. 9794844290

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./I**
मुजाधि/डब्लू–196 **वाराणसी**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

## अधिशासी अभियंता से मिला विद्युत संविदा मजदूर संगठन का प्रतिनिधिमंडल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विद्युत मजदूर संगठन एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन का प्रतिनिधिमंडल संदीप कुमार, पूर्वांचल उपाध्यक्ष के नेतृत्व में गुरुवार को विद्युत वितरण खंड चिरईगांव के अधिशासी अभियंता हेमंत कुमार सिंह से मिलकर नियमित और संविदा कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी दी जिस पर कुछ समस्याओं का समाधान तो अधिशासी अभियंता ने तुरंत व्यक्तिगत तौर पर भी करा दिया। बाकी समस्याओं के निराकरण का भी आश्वासन दिया है। संगठन के ओर से उदयभान दूबे, संजय सिंह, हरीश, अरुण वर्मा, शिवम, रमेश, कमलेश यादव, सतीश पांडेय, रजनीज पाठक, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, अतुल, प्रशांत, नीरज, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वार्ड 60 में पीने के लिए नहीं मिल रहा है पानी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वार्ड-60 में जहां कई किमी दूर से पीने के लिए पानी ढोकर लाना पड़ रहा है वहीं सड़क और गलियों की हालत भी लोगों के लिए खासी मुसीबत की सबब बनी हुई हैं। शक्करतालाब में महीनों से पेयजल संकट बना हुआ है। पानी आता भी है तो झाग और गंदगी के साथ। जाम सीवर, कूड़े के ढेर और जलभराव से लोग परेशान हैं। शक्करतालाब और दोषीपुरा इमामबाड़ा क्षेत्र में कई सड़कें जर्जर हालत में मिलीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आईपीडीएस योजना के तहत बिजली की अंडरग्राउंड लाइन बिछाने के लिए गलियों की खुदाई की गई थी, लेकिन काम पूरा होने के बाद चौके और इंटरलॉकिंग दोबारा नहीं लगाई गई। इससे राहगीरों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बकरिया कुंड क्षेत्र में कई सड़कें धंस चुकी हैं, जिनकी मरम्मत वर्षों से नहीं हुई।

## रानी दुर्गावती का मनाया शौर्य दिवस

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आज समाजवादी पार्टी अजगरा विधानसभा के तेवर गांव में अध्यक्ष बाबूलाल यादव के नेतृत्व में वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य दिवस मनाया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं ने भी भागीदारी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश सचिव युवजनसभा/पूर्व पार्षद वरुण सिंह रहे। वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके शौर्य और साहस की गाथाएं सुनायीं। सत्यप्रकाश सोनकर और वरुण सिंह ने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार आई तो शहर में जगह-जगह वीरांगनाओं की मूर्ति लगाई जाएगी और उन्हें याद करते हुए एक पुस्तक के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाएगा। शौर्य दिवस पर राकेश गौड़, प्रिंस गोंड, राजू गोंड, विधानसभा महासचिव दिनेश मौर्य, राजेंद्र पटेल सेक्टर प्रभारी, नितेश यादव सेक्टर प्रभारी, सुनील यादव जोन प्रभारी, रवि यादव, अमित यादव बूथ अध्यक्ष, राजकुमार फौजी बूथ अध्यक्ष, विजय यादव सह प्रभारी के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।



## भाजपा के वर्चस्व की रणनीति के चलते क्षेत्रीय दलों के सामने अस्तित्व का संकट



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने कहा है कि भाजपा क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व को खत्म करके पूरे देश में अपना राजनीतिक एकाधिकार, विचारधारा और वर्चस्व स्थापित करना चाहती है। भाजपा की विस्तारवादी राजनीतिक रणनीति क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व को खत्म करने की खतरनाक चाल है। भाजपा ने कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन करके इसकी शुरुआत की, लेकिन बाद में बहुमत हासिल कर क्षेत्रीय सहयोगियों को दरकिनार कर दिया या उनके जनाधार को अपने पाले में कर लिया।

## 5.85 करोड़ की लागत से 17 विकास कार्यों का शिलान्यास



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को सर्किट हाउस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्वीकृत 5 करोड़ 85 लाख की लागत से कुल 17 कार्यों के नव निर्माण/सामान्य, विशेष मरम्मत का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को बुनियादी सुविधाये प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास निरंतर जारी है।

## श्याम प्रभु की सजी अलौकिक झांकी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर लक्सा स्थित श्याम मंदिर में श्याम प्रभु की रंग-बिरंगे फूलों से अलौकिक झाकी सजाई गई। मंदिर परिसर को भी फूलों और पत्तियों झालरों से सजाया गया। भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रभु श्याम को रिझाया गया। प्रभु को प्रसाद व सरबत चढ़ाया गया भक्तों में वितरण हुआ। संयोजन में संस्था के अध्यक्ष दीपक तोदी, मंत्री पवन कुमार अग्रवाल, संदीप शर्मा कानू, चन्दन तोदी, सुशील गाड़ोादिया, राजेश तुलस्यान, मदन मोहन पोद्दार, अजय खेमका आदि उपस्थित थे।

# अब जगमगाएंगी मलिन बस्तियां

### ● यही है मोदी की गांरटी और योगी का सुशासन

## चमचमाएंगी सड़कें



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत 4 करोड़ 72 लाख की लागत से 12 इंटरलॉकिंग/सी.सी. रोड कार्यों का विधिवत पूजन अर्चन कर लोकार्पण-शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने महमूरगंज स्थित कैंप कार्यालय में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहाकि आज का दिन उन माताओं-बहनों के लिए दीपावली जैसा है जो बरसों से बरसात में कीचड़ भरे रास्तों से गुजरती थीं। आज उनके घर तक पक्की सड़क पहुंच रही है। यह है मोदी जी की गारंटी और योगी जी का सुशासन। कार्यक्रम में डूडा के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## 35 आटो रिक्शा और पांच ई-रिक्शा सीज

**वाराणसी।** विभिन्न चौराहों और मार्गों पर चलाए गए अभियान में सिटी परमिट और बार कोड नियमों का उल्लंघन करने वाले 35 आटो रिक्शा और पांच ई-रिक्शा को पुलिस लाइन में सीज किया गया। यह कार्रवाई एडीसीपी ट्रैफिक अंशुमान मिश्र के निर्देश पर की गई।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र०सं०:–1., ई–प्रापण निविदा संख्या:– DYCE-CON-BR-GKP-08-2026, Closing 24/07/2026, कार्य का नाम:–** महत्वपूर्ण पुल संख्या 04 (20x61.0 मीटर OWG) का परिवहन, संयोजन एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B-17182/R श्रृंखला के अनुसार, बरहलगंज – दोहरीघाट स्टेशनों के बीच; तथा OWG (बैलेस्टेड) पुल संख्या 72 (1x30.5 मीटर), पुल संख्या 95 (1x30.5 मीटर) OWG (बैलेस्टेड), पुल संख्या 75 (1x30.5 मीटर) OWG (बैलेस्टेड) का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B–17186 श्रृंखला के अनुसार, पुल संख्या 106 (5x24.4 मीटर) हेतु समग्र (कॉम्पोजिट) गर्डर का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, RDSO ड्राइंग संख्या RDSO/B-11751/R3 श्रृंखला के अनुसार, तथा पुल संख्या 82 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 88 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 105 (1x18.3 मीटर) के लिए RDSO ड्राइंग संख्या RDSO/B-11753/R3 श्रृंखला के अनुसार, लखनऊ मंडल की सहजनवा–दोहरीघाट नई लाइन परियोजना के अंतर्गत, पुल संख्या 43 (1x24.4 मीटर) हेतु समग्र गर्डर का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B-11751/R3 श्रृंखला के अनुसार, तथा पुल संख्या 50A (1x30.5 मीटर) OWG का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B-17161 श्रृंखला के अनुसार, मेहदावल पसई स्टेशन के बीच, खलीलाबाद–बहराइच नई लाइन परियोजना के अंतर्गत; तथा पुल संख्या 404 (2x45.7 मीटर) हेतु ओपन वेब गर्डर का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B–17181 श्रृंखला के अनुसार, एवं पुल संख्या 406 (3x30.5 मीटर) हेतु ड्राइंग संख्या RDSO/B–17186 श्रृंखला के अनुसार, बुढ़वल – बिंदौरा स्टेशन के बीच, बुढ़वल बाराबंकी खंड में तृतीय लाइन कार्य के संबंध में; तथा उपर्युक्त पुलों के OWG एवं कॉम्पोजिट गर्डर के लिए पाथवे, निरीक्षण सीढ़ी (इंस्पेक्शन लैडर), ट्रॉली रिफ्यूज का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, RDSO ड्राइंग संख्या CBS–0045 एवं CBS–0046 तथा स्वीकृत ड्राइंग के अनुसार; साथ ही उत्तर पूर्व रेलवे के ROBs तथा अन्य किसी भी पुलों के शेष/अपूर्ण इस्पात कार्यों का निष्पादन।, **अनुमानित निविदा मूल्य:–** 643115737.06, **बयाना राशि (रु०):–** 12862300.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०):–** 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:–** 30 (तीस) माह, • बिड प्रारम्भ करने की तिथि दिनांक 10.07.2026 • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि–दिनांक 24.07.2026, 16.00 बजे तक, • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 24.07.2026, 16.00 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण/पुल**
मुजाधि/डब्लू–193 **गोरखपुर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

## PRSI वाराणसी की नई कार्यकारिणी का गठन, डा. अंकुर चड्ढा बने अध्यक्ष

**वाराणसी।** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (PRSI) वाराणसी चैप्टर के द्विवार्षिक चुनाव एक सौहार्दपूर्ण और लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुए। इस चुनाव का आयोजन पीआरएसआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व चुनाव पर्यवेक्षक नरेंद्र मेहता की देखरेख में किया गया। चुनाव में वर्ष 2026-28 के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी समिति का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। चुनाव में डाक्टर अंकुर चड्ढा को वाराणसी चैप्टर का नया चेयरमैन चुना गया है। उनके अलावा अन्य पदाधिकारियों में प्रो. बाला लखेंद्र को उपाध्यक्ष (वाइस चेयरमैन) और प्रदीप उपाध्याय को सचिव (सेक्रेटरी) के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। यह चुनाव वाराणसी चैप्टर के सदस्यों के बीच एकजुटता और सहयोग का प्रतीक रहा।

# जनपद में पल्स पोलियो अभियान 28 से

### ● पांच लाख से ज्यादा बच्चों को पिलायी जाएगी 'दो बूंद जिन्दगी की'



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के सम्बन्ध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फ़ोर्स की बैठक जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जनपद में 28 जून से पल्स पोलियो विशेष अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान में 5 वर्ष तक के 5,44,106 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी। इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लक्षित शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाये। इसके लिए लगाये गये कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाये। बूथ दिवस 28 जून को सभी विद्यालय खोले जायेंगे तथा बच्चों की बुलावा टोली बनाकर ज्यादा से ज्यादा बच्चों को बूथ दिवस पर ही प्रतिरक्षित किए जाने का प्रयास किया जाये। इस दिन सभी आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित किए जायेंगे।

## खफा डीएम ने रोका अधिकारियों का वेतन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अभियान चलाकर बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद में अभियान चलाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुष्मान सेल के कर्मियों के साथ-साथ शहरी क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया।

## सोनभद्र समाचार

### डीजे लदा मैजिक खड़े ट्रक से टकराया, टेंट कारोबारी समेत दो की मौत



**सोनभद्र।** वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा स्थित जय गुरुदेव आश्रम के पास बृहस्पतिवार की भोर में डीजे लदा मैजिक खड़े ट्रक में टकरा गया। हादसे में मैजिक सवार टेंट व डीजे कारोबारी मनोज मौर्य (35) और श्याम बाबू (32) की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए। मैजिक सवार एक शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे का कारण चालक को झपकी आना माना जा रहा है। रॉबर्ट्सगंज से संचालित डीजे रोड साउंड का मैजिक वाहन दुद्धी क्षेत्र के नगवा गांव में बरात की बुकिंग पूरी कर वापस रॉबर्ट्सगंज लौट रहा था। गुरमुरा स्थित जय गुरुदेव आश्रम के समीप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े अज्ञात वाहन में पीछे से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मैजिक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस की मददसे घायलों को सीएचसी चोपन भिजवाया। मौके पर पहुंची एसआई विनोद यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर से क्षतिग्रस्त मैजिक के केबिन को खींचकर उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला।

## मऊ समाचार

### अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद आइसक्रीम विक्रेता की मौत

**मऊ।** रामपुर थाना क्षेत्र के चौधरीपुर रसूलपुर उर्फ रामपुर निवासी हरिश्चंद्र राजभर (65) की बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह आइसक्रीम बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे हरिश्चंद्र राजभर रामपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ीपुर स्थित गोपालपुर गांव में आइसक्रीम बेच रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। अस्वस्थ महसूस होने पर वह अपने ठेले के पास एक पेड़ के नीचे आराम करने के लिए लेट गए। काफी देर तक उन्हें उसी अवस्था में पड़े देख आसपास के लोगों को आशंका हुई। ग्रामीणों ने तत्काल यूपी-112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर मंडाव ले गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### बेकाबू बाइक गिरने से युवक की मौत, बहन घायल



**गोसाईगंज (सुल्तानपुर)।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गोसाईगंज के खरसोमा के पास बृहस्पतिवार सुबह अनियंत्रित बाइक से गिरकर आजमगढ़ जिले के चकवारा चंदेश्वर निवासी प्रवीण कुमार (25) की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठी उनकी बहन अंजू (22) को मामूली चोट लगी। यूपीडा कमिन्यों ने क्षतिग्रस्त बाइक को मुख्य मार्ग से हटाकर यातायात बहाल कराया। बताया गया है कि नींद आने से बाइक बेकाबू हो गई थी। अंजू ने बताया कि बृहस्पतिवार भोर वह अपने भाई प्रवीण कुमार के साथ बाइक से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते से लखनऊ के मड़ियाऊ जाने के लिए निकली थीं। सुबह करीब 10:40 बजे गोसाईगंज के खरसोमा गांव के पास बाइक अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना में प्रवीण गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी होने पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने दोनों को एंबुलेंस से कूरेभार सीएचसी पहुंचाया। वहां पर चिकित्सक ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी कमल कुमार कनौजिया ने बताया कि बाइक चालक को नींद आने से दुर्घटना हो गई। क्षतिग्रस्त बाइक को सेमरी टोल प्लाजा भेजा गया है। उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बाइक चालक के हेलमेट पहनने की जानकारी नहीं मिल सकी है।

## देवरिया समाचार

### ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ जवान की मौत

**भाटपार रानी।** दनउर गांव के उसरहवा टोला निवासी सीआईएसएफ जवान मनोज यादव (50) की बृहस्पतिवार की सुबह पांच बजे ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह झारखंड प्रांत के रांची में तैनात थे। शुक्रवार को सुबह शव गांव आने की उम्मीद है। घरवालों ने बताया कि वह ड्यूटी पर तैनात थे, उसी समय अचेत होकर गिर पड़े। तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने त घोषित कर दिया। पत्नी सविता देवी और पुत्रों विनय (26), रंजीत ऊर्फ छोटू (22) और पुत्री प्रियंका (18) तथा सोनम (16) की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग दरवाजे पर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। मनोज के माता-पिता और बड़े भाई जयप्रकाश यादव की पहले ही मौत हो चुकी है।

## बलिया समाचार

### घायल अविनाश को लेकर 45 मिनट तक इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर में भटकते रहे परिजन, इलाज के अभाव में मौत



**बलिया।** जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर व इमरजेंसी में एक बार फिर लापरवाही सामने आई। सड़क हादसे में घायल माल्देपुर गांव निवासी अविनाश (48) को लेकर परिजन 45 मिनट से ज्यादा समय तक भटकते रहे लेकिन इलाज नहीं हुआ। आखिर उनकी मौत हो गई। परिजनों ने ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सक न होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। नाराज परिजनों ने ट्रॉमा सेंटर का इमरजेंसी कक्ष बंद होने से दरवाजे का शीशा तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे कोतवाल ने परिजनों को हटाने का प्रयास किया तो झड़प हो गई। करीब तीन घंटे तक अस्पताल परिसर में गहमागहमी बनी रही। सिटी मजिस्ट्रेट आशाराम वर्मा अस्पताल पहुंचे। लापरवाह चिकित्सक पर कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद मामला शांत हुआ। सीएमओ डॉक्टर अभय नारायण राय ने पूरे मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन कर जल्द रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। वहीं, ट्रॉमा सेंटर में तैनात डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की रिपोर्ट तलब की। सदर कोतवाली के माल्देपुर गांव निवासी अविनाश प्रजापति (48) के छोटे भाई की लड़की का बुधवार को सुबह में मुंडन हुआ, बृहस्पतिवार की शाम को भोज था। इसी तैयारी में वह जुटे थे। खोरीपाकड़ निवासी दोस्त अनिल गुप्ता को निमंत्रण देकर बाइक से लौटते समय पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## चंदौली समाचार

### निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाए काम : डीपीआरओ

**चंदौली।** जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव ने बृहस्पतिवार को विकासखंड मझवा ब्लॉक सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाए।

बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित विकास एवं स्वच्छता संबंधी योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। डीपीआरओ ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के नियमित संचालन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, पंचायत भवनों के सुव्यवस्थित संचालन तथा पंचायत सहायकों की उपस्थिति और अभिलेखों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## भदोही समाचार

### गंगा नहाने गए तीन दोस्त गंगा में डूबे, दो की बची जान, एक की मौत



**सीतामढ़ी।** कोईरौना थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी गंगा घाट पर बृहस्पतिवार को नहाने गए तीन दोस्त गंगा में डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने दो युवकों को बचा लिया गया। वहीं अभिषेक शर्मा 17 की डूबने से मौत हो गई। करीब दो घंटे चले सर्च अभियान के बाद उनके शव को गंगा से बाहर निकाला गया। तीनों युवक सुरियावां के बारी गांव निवासी थे। सुरियावां कोतवाली के बारी गांव निवासी तीन दोस्त अभिषेक, विशाल शर्मा, आशीष शर्मा घर से करीब सुबह सात बजे के आसपास सीतामढ़ी में नहाने-घूमने और दर्शन पूजन की तैयारी कर निकले। इन दिनों गंगा छिछली हो गई है। जिससे खतरा भी बढ़ा है। तीन दोस्त सीतामढ़ी गंगा घाट पर नहाने लगे। नहाते-नहाते अचानक तीनों गहरे पानी में जाने लगे। इस दौरान मौके पर मौजूद गोताखोरों ने सक्रियता दिखाते हुए विशाल व आशीष को तो किसी तरह से बचा लिया, लेकिन अभिषेक गंगा की लहरों में खो गया। काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसके शव को गंगा से बरामद किया। सूचना मिलते ही कोईरौना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सीओ ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घाटों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस व गोताखोर दोनों की तैनाती है। इन दिनों सीतामढ़ी में सैलानियों की संख्या बढ़ी है। दर्शन-पूजन करने वाले लोग गर्मी से निजात पाने के लिए गंगा में स्नान कर रहे हैं। इस दौरान थोड़ी सी लापरवाही से लोगों की जान पर बन आ रही है। गंगा के छिछली होने से लोग जगह-जगह उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं और गहरे पानी में चले जा रहे हैं। दो दिन पहले ही लगातार दो दिनों तक दो-दो युवक गंगा में डूबने लगे। जिससे वहां मौजूद आपदा मित्रों की सहायता से बचाया गया। बृहस्पतिवार को आपदा मित्रों की सक्रियता से दो की जान बच सकी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## गाजीपुर समाचार

### ससुराल से 500 मीटर पहले खेत में मिला युवक का शव

**औड़िहार।** सैदपुर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के पाही मौजा के पास बृहस्पतिवार शाम एक खेत में सुरेश कुमार (28) का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि फुलवारी खुर्द तुरकही निवासी सुरेश कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी शादी मिर्जापुर गांव में हुई थी, जो उसके घर से करीब चार किलोमीटर दूर है। बृहस्पतिवार को वह पैदल ही अपनी ससुराल के लिए निकला था। ससुराल पहुंचने से करीब 500 मीटर पहले मिर्जापुर गांव के पास एक खेत में वह अचेत होकर गिर पड़ा। कुछ देर बाद ग्रामीणों की नजर खेत में पड़े युवक पर पड़ी। पास जाकर देखने पर उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

## प्रयागराज समाचार

### मुहर्रम जुलूस के दौरान घूमने निकले किशोर की करेंट से मौत, परिवार में मचा कोहराम



**प्रयागराज।** मुहर्रम जुलूस के दौरान घूमने निकले बहादुरगंज हटिया निवासी मोहम्मद हमजा (17) की शुक्रवार तड़के करेंट लगने से मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के सेवई मंडी के पास हल्की बारिश के बीच बिजली के पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि मोहम्मद हमजा मुहर्रम का जुलूस देखने और घूमने के लिए घर से निकला था। तड़के हल्की बारिश हो रही थी। इसी दौरान सेवई मंडी के पास वह सड़क किनारे लगे बिजली के पोल के संपर्क में आ गया। आशंका है कि बारिश के कारण पोल में करेंट उतर आया था। करेंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली थाना प्रभारी नितेंद्र शुक्ला ने बताया कि करेंट लगने से किशोर की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया बारिश के कारण बिजली के पोल में करेंट उतरने की आशंका है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आजमगढ़ समाचार

### ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे 17 डायरिया के मरीज

**आजमगढ़।** उमस भरी गर्मी का असर लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। गर्मी के कारण जिला अस्पताल में डायरिया, पेट दर्द, उल्टी, बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सक लोगों को खानपान और सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. सीपी राय ने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन 100 से 110 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से डायरिया के 15 से 17 मरीज मिल रहे हैं जबकि एक सप्ताह पूर्व इनकी संख्या पांच के आसपास रहती थी। इसके अलावा पेट दर्द, उल्टी और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी में भोजन और पानी जल्दी दूषित हो जाते हैं। दूषित पानी पीने और बासी या खुले में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन से संक्रमण फैलता है, जिससे डायरिया की समस्या बढ़ जाती है।

## मीरजापुर समाचार

### जिला उद्योग बंधु की बैठक में अधिकारियो की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने व्यक्त की नाराजगी

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु तथा निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की बैठक में कई अधिकारियो के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि अगली बार से प्रत्येक माह में 10 से 12 के मध्य उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी सम्बन्धित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे ताकि उद्यमियो की समस्याओ समाधान सुनिष्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बगली बार से बैठक में यदि कोई अधिकारी बिना कारण बताए अनुपस्थित रहता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में ओ0डी0ओ0पी0, सीएफसी निर्माण, भारत



सरकार वस्त्र मंत्रालय विन्ध्याचल, मेसर्स आरिका इण्टर प्राइजेज व विराट लैबिको के भुगतान, शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था हेतु खोदे गए गढ्ढे को ठीक कराने, यूको बैंक मीरजापुर को शिफ्ट करने, औद्योगिक अस्थान निर्माण, तहसील चौराहा से पाण्डेयपुर तक रोड मरम्मत कार्य, औद्योगिक स्थान चुनार पार्क का रेनोवेशन, सहित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 2026–27 पर विस्तृत चर्चा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियो को उपरोक्त बिन्दुओ का परीक्षण कर समाधान करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बैंको द्वारा लम्बित प्रार्थना पत्रो को प्राथमिकता पर स्वीकृत करते हुए वितरण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना 2026–27 के अन्तर्गत जनपद को शासन द्वारा 2600का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष बैंको को 1838 आवेदन पत्र आनलाइन भेजे गए है जिसमें 259 आवेदन पत्र स्वीकृत, 236 आवेदन पत्र वित. रित एवं 631 आवेदन विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए है जबकि 1000 आवेदन पत्र बैंको पर स्वीकृति हेतु लम्बित है जिलाधिकारी ने कहा कि लम्बित प्रार्थना पत्रो का परीक्षण कर पात्र स्वीकृत आवेदनो पर वितरण सुनिश्चित करे तथा जिन आवेदन पत्रो को निरस्त किया जा रहा है उसे निरस्त करने के कारण सहित सम्बन्धित आवेदनकर्ता को भी अवगत कराया जाए।

## जौनपुर समाचार

### इलाज के दौरान गर्भवती महिला की मौत, लापरवाही का आरोप



**जौनपुर।** खुटहन में अस्पताल रोड स्थित किरण अस्पताल में उपचार के दौरान छह महीने की गर्भवती महिला की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी अस्पताल बंद कर भाग गए। गुस्साए परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए चिकित्सक व अस्पताल कर्मचारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सरपतहा थाना क्षेत्र के पट्टी नरेंद्रपुर गांव निवासी रिंकू माली की पत्नी लक्ष्मी छह माह की गर्भवती थी। परिजनों का कहना है कि गर्भधारण के बाद से उनका इलाज किरण अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को अचानक पेट में तेज दर्द होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि उपचार शुरू होने के बाद उनकी स्थिति में सुधार होने के बजाय दर्द और बढ़ गया। परिजनों के मुताबिक शाम के समय चिकित्सक लक्ष्मी को जिले के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां से आधी रात के बाद उन्हें वापस लाया गया और बताया गया कि आपरेशन के दौरान उनकी मौत हो गई है। यह सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर परिवार वालों और अस्पताल पक्ष के बीच कहासुनी भी हुई। मृतका के पति रिंकू ने थाने पहुंच चिकित्सक तथा कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपों के आधार पर गैर इरादतन हत्या सहित संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोरखपुर समाचार

### 'हादसा हो गया, 15 हजार दो' फोन के बाद युवक की मौत, लिंक एक्सप्रेस-वे पर मिला शव- शरीर पर थे चोट के निशान



**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा जीतपुर निवासी 23 वर्षीय जय सिंह निषाद का शव मंगलवार सुबह आजमगढ़ लिंक एक्सप्रेस-वे पर अतरौलिया के पास मिला। बाइक करीब 20 किलोमीटर दूर मिली। जय सिंह सोमवार शाम घर से बाइक लेकर जौनपुर जाने की बात कहकर निकले थे लेकिन इसके बाद नहीं लौटे। परिवारवालों के मुताबिक, बुधवार सुबह पुलिस ने शव मिलने की जानकारी दी। आजमगढ़ जिले की अतरौलिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मामले की जांच कर रही है। पिता नीलधारी निषाद के अनुसार, जय सिंह मंगलवार दोपहर करीब दो बजे फोरलेन पर टोल क्रॉस करते हुए सीसीटीवी में दिखाई दिए थे। इसके करीब 40 मिनट बाद दोपहर 2:40 बजे उसकी बाइक टोल से लगभग 20 किलोमीटर आगे लावारिस हालत में मिली थी। एनएचएआई कमिन्यों ने इसकी सूचना दी थी। उस समय बाइक तो मिल गई लेकिन जय सिंह का कोई पता नहीं चला। बुधवार सुबह करीब 7:10 बजे एक्सप्रेस-वे की दूसरी साइड पर उनका शव मिला। पुलिस ने मोबाइल भी बरामद कर लिया है। हेलमेट नहीं मिला है। अतरौलिया थानाध्यक्ष देवेंद्रनाथ दुबे ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सुबह फोन कर कहा था- हादसा हो गया, 15 हजार रुपये मांग रहे हैं। परिजन ने बताया कि जय सिंह ने घटना वाले दिन सुबह करीब आठ बजे फोन कर कहा था कि उनका हादसा हो गया है और कुछ लोग 15 हजार रुपये मांग रहे हैं। इसके बाद उसका संपर्क नहीं हो सका। परिजन का आरोप है कि पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। आशंका जताई कि जौनपुर की रहने वाली युवती के परिवार वालों ने किसी विवाद में उसकी हत्या की है। हालांकि पुलिस अभी इसे सड़क हादसा मानकर जांच कर रही है। परिजन के अनुसार, जय सिंह की जौनपुर निवासी एक युवती से बातचीत होती थी। दोनों की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। जय सिंह कॉरपेंटर का काम करता था। परिवार में उसकी मां विमली देवी, तीन भाई धर्मवीर, जय सिंह और दुर्गेश निषाद तथा एक बहन संजना हैं।

## लाइफ मंत्र

### जानिए, भारत के उन शिव मंदिरों के बारे में जहां नंदी महाराज की भव्य प्रतिमाएं हैं स्थापित

भगवान शिव के हर मंदिर में आपने नंदी महाराज को जरूर देखा होगा। शिवलिंग के सामने शांत मुद्रा में विराजमान नंदी केवल भगवान शिव के वाहन ही नहीं, बल्कि उनके सबसे प्रिय भक्त और द्वारपाल भी माने जाते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नंदी महाराज के कान में अपनी मनोकामना कहने से वह सीधे भगवान शिव तक पहुंचती है। यही कारण है कि शिव भक्त नंदी के प्रति भी उतनी ही श्रद्धा रखते हैं जितनी भगवान भोलेनाथ के प्रति। भारत में ऐसे कई प्राचीन और प्रसिद्ध शिव मंदिर मौजूद हैं, जहां स्थापित नंदी महाराज की मूतिर्यां अपने विशाल आकार, अद्भुत शिल्पकला और धार्मिक महत्व के कारण



विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। इनमें से कुछ मूतिर्यां एक ही पत्थर को तराशकर बनाई गई हैं, तो कुछ सदियों पुरानी होने के बावजूद आज भी लोगों को अपनी भव्यता से आश्चर्यचकित कर देती हैं। तो आइए जानते हैं भारत के उन प्रसिद्ध शिव मंदिरों के बारे में, जहां नंदी महाराज की सबसे विशाल और भव्य मूर्तियां स्थापित हैं।

**महानंदीश्वर स्वामी मंदिर**

आंध्र प्रदेश के कुरनूल में महानंदीश्वर स्वामी मंदिर नल्लामाला पहाड़ियों के पीछे एक गांव है, वहां स्थित है। बता दें कि यह मंदिर अपनी दक्षिणी वास्तुकला के साथ अपने ताजे पानी के पूल के लिए प्रसिद्ध ह। इस मंदिर में नंदी महाराज की विशाल प्रतिमा स्थापित है, जिसे दक्षिण भारत की प्रमुख नंदी प्रतिमाओं में गिना जाता है। बता दें कि इस मंदिर में 15 फीट लंबी और 10 फीट ऊंची है।

**लेपाक्षी मंदिर**

यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और इस मंदिर में भगवान शिव के प्रिय गण नंदी जी की बड़ी मूर्ति स्थापित है। मंदिर में स्थापित मूर्ति ग्रेनाइट के एक ही पत्थर को तराश के बनाई गई है जो लगभग 27 फीट लंबी और 15 फीट ऊंची है। यह प्रतिमा लेपाक्षी मंदिर परिसर से कुछ दूरी पर स्थित है और मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करती है।

**बुल टेंपल**

कर्नाटक राज्य की राजधानी बेंगलुरु में स्थित यह बैल मंदिर स्वयं नंदी महाराज को समर्पित है। इस मंदिर में नंदी जी की विशाल मूर्ति स्थापित है,जो काफी प्रसिद्ध मानी जाती है। बता दें कि इस मंदिर में स्थित नंदी की मूर्ति ग्रेनाइट की एक विशाल शिला को तराशकर बनाया गया है। बता दें कि यहा स्थापित नंदी की मूर्ति 15 फीट ऊंची और 20 फीट लंबी है।

**चामुंडी मंदिर**

कर्नाटक के मैसूर में चामुंडी पहाडि़यों की चोटी पर बसा है जिसे चामुंडी मंदिर कहा जाता है। यह मंदिर मां दूर्गा के चामुंडा रुप को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी स्थान पर देवी दूर्गा ने महिषासुर का वध किया था। बता दें कि मंदिर के जाने वाले रास्ते में लगभग 800वीं सीढ़ी पर एक शिव मंदिर के सामने विशालकाय नंदी की प्रतिमा है। यह भारत की प्रमुख विशाल नंदी प्रतिमाओं में से एक मानी जाती है।


**बृहदीश्वर मंदिर**

अगला मंदिर तमिलनाडु के तंजावुर में स्थित है जिसे बृहदीश्वर मंदिरके नाम से जाना जाता है। बता दें कि यहां पर स्थापित नंदी की मूर्ति 11वीं सदी में चोल राजाओं के द्वारा स्थापित की गई थी। यहां पर स्थापित नंदी जी की मूर्ति 13 फीट ऊंची, 16 फीट लंबी और 12 फीट चौड़ी है। इसका कुल वज़न 25 टन है और इस प्रतिमा को कठोर ग्रेनाइट चट्टान को तराश कर बनाया गया है।

**गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर**

तमिलनाडु के अरियालुर जिले में स्थित गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में भी नंदी महाराज की विशालकाय प्रतिमा देखने को मिलती है। बता दें कि यह मूर्ति एक ही पत्थर को तराशकर बनाई गई है, जिसे उत्कृष्ट चोल कलाकृतियों में एक माना जाता है। बात करें इस प्रतिमा के आकार की तो यह मूर्ति कुल 11 फीट ऊंची और 15 फीट लंबी बताई जाती है। नंदी महाराज की यह प्रतिमा मुख्य गर्भगृह यानी के शिवलिंग से 200 मीटर की दूरी पर आंगन में खुली छत के नीचे स्थापित है।

## कम बजट में Vietnam Trip का प्लान? ये Adventure Sports बना देंगे आपका सफर यादगार



वियतनाम एक बेहद खूबसूरत जगह है। ऐसे में अगर आपको वियतनाम जाना है और एडवेंचर का शौक है, तो हम आपको कुछ ऐसी एक्टिविटीज के बारे में बताने जा रहे हैं,जिसको आपको एक बार ट्राई जरूर करना चाहिए। लगभग हम सभी का विदेश घूमने का सपना होता है। जब भी विदेश घूमने की बात होती है, तो लोग पेरिस, इटली, दुबई, स्विट्जरलैंड और इंडोनेशिया जैसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं। लेकिन इन जगहों पर जाने के लिए आपको अच्छे खासे बजट की जरूरत होगी। इन दिनों अधिकतर लोग वियतनाम जा रहे हैं। कहा जाता है कि अगर आपको कम बजट में विदेश घूमना है, तो आपको वियतनाम जरूर जाना चाहिए। वियतनाम एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां की खूबसूरती, माउंटेंस और बीचेस लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। यहां पर लोग सिर्फ घूमने-फिरने नहीं बल्कि एडवेंचर स्पोर्ट्स की कमी नहीं है। ऐसे में अगर आपको वियतनाम जाना है और एडवेंचर का शौक है, तो हम आपको कुछ ऐसी एक्टिविटीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आपको एक बार ट्राई जरूर करना चाहिए।

**कयाकिंग**

वियतनाम की एक काफी फेमस जगह हा लॉन्ग बे है। यह जगह कयाकिंग के लिए काफी ज्यादा फेमस है। यहां पर आपको बीच और बड़ी-बड़ी चट्टानों के लिए कयाकिंग करने को मिलेगा। यह जगह फोटो और वीडियो के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। लेकिन हमेशा लाइफ जैकेट पहनकर ही कयाकिंग करें और नियमों का पालन जरूर करें।

**स्कूबा डाइविंग**

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनको पानी से प्यार है तो आपके लिए स्कूबा डाइविंग अच्छा ऑप्शन हो सकता है। यहां पर न्हा ट्रांग और फू क्वोक आइलैंड स्कूबा डाइविंग के लिए काफी फेमस है। यहां पर आपको ढेर सारी रंग-बिरंगी मछलियां देखने को मिलेंगी।

**पैरासेलिंग**

यह एक ऐसी एडवेंचर एक्टिविटी है, जहां पर आप समुद्र के ऊपर हवा में उड़कर खूबसूरत नजारों को देख सकती हैं। वियतनाम के कई बीच पर आपको पैरासेलिंग करने का मौका मिल जाएगा। यहां पर आपको ऊपर से समुद्र और शहर का बेहद खूबसूरत नजारा दिखाई देगा। यह एक्टिविटी एडवेंचर लवर्स को काफी पसंद आती है।

**सैंड बोर्डिंग**

आप वियतनाम में मुई ने नाम की जगह पर सैंड बोर्डिंग का लुत्फ ले सकती हैं। यहां पर प्लास्टिक बोर्ड पर बैठकर रेत के पहाड़ों से नीचे उतरा जाता है। यह एक बजट-फ्रेंडली एक्टिविटी है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

नियमों का पालन करें।
हमेशा हेलमेट पहने रहें।
ट्रेंड गाइड की निगरानी में हमेशा एक्टिविटी करें।
अगर आपको दिल या सांस से जुड़ी समस्या है, तो पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
काशी रत्न काशी भूषण
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Neelam stone, Pokhraj stone, Panna stone, Manik stone, Moonga stone, Opal stone, Lahsuniya stone, Firoza stone, Gomed Stone, Diamond stone
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
1 Mukhi Rudraksh, 7 Mukhi Rudraksh, Trijugi Rudraksh, 9 Mukhi Rudraksh, 12 Mukhi Rudraksh, 14 Mukhi Rudraksh, 21 Mukhi Rudraksh, Ganesh Rudraksh, Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682



# मॉनसून में सहेलियों संग करें राजस्थान की इन शानदार जगहों का Road Trip

**मॉनसून में जयपुर से रोड ट्रिप की योजना बना रहे हैं तो जोधपुर, बीकानेर और रणथंभौर बेहतरीन डेस्टिनेशन हैं। यह आर्टिकल गर्ल्स ट्रिप के लिए इन जगहों की खासियत, घूमने के स्थान और सही विकल्प चुनने में मदद करता है।**

आजकल युवाओं में घूमने-फिरने का शौक ज्यादा हो गया है। मॉनसून के मौसम में घूमने का एक अलग ही मजा होता है। हर तरफ हरियाली, ठंडी हवाएं और खूबसूरत नजारे ट्रिप में चार चांद लगा देते हैं। बरसात के मौसम में ज्यादातर लोग रोड ट्रिप को पसंद करते हैं। अपने शहरों से लोल घूमने के लिए निकल जाते हैं।

अगर आप जयपुर रहते हैं, तो आप अपने दोस्तों के साथ एक मजेदार ट्रिप प्लान कर सकते हैं, आप राजस्थान की कुछ फेमस जगहो पर घूमने जरुर जा सकते हैं।

**जोधपुर रोड ट्रिप**

राजस्थान के जोधपुर का इतिहास, कल्चर और यहां की खूबसूरती देखना चाहती हैं, तो एक बार जयपुर से जोधपुर तक रोड ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। बारिश के दौरान यहां का मौसम सुहाना हो जाता है। रास्ते में कई अच्छे ढाबे और रेस्टोरेंट देखने को मिल जाएंगे। यहां पर आप राजस्थान कुजीन को एन्जॉय कर सकते हैं। असल में जोधपुर को ब्लू सिटी भी कहा जाता है। यहां पर आपको नीले रंग से पेटेड घर, पुराने किले और खूबसूरत गलियां भी देखने को मिलेगी।

**घूमने की जगहें**

-मेहरानगढ़ किला
-जसवंत थड़ा
-उम्मेद भवन पैलेस
-घंटाघर मार्केट
-टूर्जी का झालरा

**बीकानेर रोड ट्रिप**

यदि आप राजस्थान की शाही विरासत को नजदीक से देखना चाहते हैं, तो बीकानेर जा सकती हैं। यहां का इतिहास, किले और पुराने महल लोगों को खूब पसंद होते हैं। जयपुर से बीकानेर जाते समय रास्ते में फतहपुर भी पड़ता है, यहां पर आपको पुरानी हवेलियां और काफी खूबसूरत इमारते देखने को मिलती हैं।

**घूमने की जगहें**

-जूनागढ़ किला
-लालगढ़ पैलेस
-लक्ष्मी निवास पैलेस
-करणी माता मंदिर
-स्थानीय बाजार

**रणथंभौर रोड ट्रिप**

यदि आप नेचर लवर हैं, तो रणथंभौर आपके लिए सबसे बढ़िया जगह है। बरसात के समय यहां पर काफी हरियाली देखने को मिलती है। लेकिन इस मौसम में सफारी होगी या नहीं, ये मौसम के हिसाब से बदलता रहता है। इसलिए जाने से पहले एक बार जरुर जान लें जानकारी।

**घूमने की जगहें**

-रणथंभौर नेशनल पार्क
-रणथंभौर किला
-पद्म तालाब
-मलिक तालाब

**गर्ल्स ट्रिप के लिए क्या बेहतर है**

यदि आप पहली बार ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, तो यह जान लीजिए रणथंभौर सबसे बेहतरीन ऑप्शन है। वैसे भी जयपुर से यह ज्यादा दूर नहीं है। अगर आपको इतिहास और फोटोग्राफी का शौक है, तो जोधपुर जा सकते हैं। रॉयल कल्चर देखने के लिए आप बीकानेर जा सकते हैं।

# हिमाचल की सैंज वैली का ये गांव है जन्नत, बेहद कम बजट में मिलेगा सुकून


©Jack Brauer

हिमाचल प्रदेश में एक छोटा सा हिल स्टेशन है, जोकि काफी शांत है। यहां आपको हरियाली और कई खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे। इस जगह का नाम शानगढ़ है। शिमला से शानगढ़ की दूरी 190 किमी है और जिब्बी से 60 किमी है।

भारत में कई ऐसी खूबसूरत जगहें हैं, जिनको देखकर हर कोई कायल हो जाता है। वहीं घूमने-फिरने का शौक तो लगभग हर किसी को होता है आमतौर पर लोग गर्मियों में शिमला-मनाली, नैनीताल या फिर मसूरी आदि जगहों पर जाना पसंद करते हैं। लेकिन इन जगहों पर भीड़ बहुत होती है। उत्तराखंड और हिमाचल में कई ऐसे हिडन डेस्टिनेशन हैं, जिनकी सुंदरता देखने लायक होती है। वहीं खास बात यह है कि इन जगहों पर शिमला-मनाली जैसी भीड़ भी नहीं होती है।

हिमाचल प्रदेश में एक छोटा सा हिल स्टेशन है, जोकि काफी शांत है। यहां पर आपको हरियाली और कई खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे। इस जगह का नाम शानगढ़ है। शिमला से शानगढ़ की दूरी 190 किमी है और जिब्बी से 60 किमी है। तो आइए जानते हैं इस ऑफबीट हिल स्टेशन के बारे में...

**जानिए कहां है शानगढ़**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की सैंज वैली में शानगढ़ बसा हुआ है। यह एक बेहद खूबसूरत गांव है। यहां पर आपको हरे-भरे मैदान, पहाड़ों के सुंदर नजारे, देवदार के पेड़ आदि देखने को मिलेंगे। अगर आप शांत और सुकून भरी जगह की तलाश में हैं, तो शानगढ़ परफेक्ट जगह है।

**शानगढ़ मैदान**

शानगढ़ मैदान यहां का सबसे बड़ा अट्रैक्शन है। यहां पर चारों ओर पहाड़ और बीच में हराभरा मैदान देखने में काफी अच्छा लगता है। यहां पर आप फोटोग्राफी भी कर सकती हैं। वहीं सुकून भरे कुछ पल भी बिता सकती हैं।

**ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क**

अगर आप नेचर लवर हैं और ट्रैकिंग पसंद है, तो यह जगह बेस्ट है। यहां के जंगल, कई तरह पक्षी, पेड़ पौधे और खूबसूरत पहाड़ी रास्ते देखकर मन को सुकून का एहसास होता है।

**बरशानगढ़ वॉटरफाल**

यहां पर दूधिया सफेद झरना देखने को मिलेगा और यह बेहद खूबसूरत लगता है। इसके अलावा यहां पर आपको पाइन के खूबसूरत पेड़ मिलेंगे। झरने की आवाज और पक्षियों की चहचहाहट से आपका मन खुश हो जाएगा।

**ऐसे पहुंचे शानगढ़**

आप बाई रोड शानगढ़ पहुंच सकती हैं। अगर आप दिल्ली से यहां आने का प्लान कर रही हैं, तो आपको करीब 8 से 9 घंटे का समय लग सकता है। आप इन रास्तों के जरिए शानगढ़ पहुंचेंगी।
मंडी
औट
सैंज
इन जगहों से होते हुए आप शानगढ़ पहुंच सकती हैं। इस दौरान यहां पर बेहद खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे।

**कहां रुकें**

यहां पर रुकने के लिए होमस्टे एक बेहतरीन ऑप्शन है। यहां पर आपको बड़े होटल कम और होमस्टे ज्यादा मिलेंगे। यहां पर आप लोकल फूड ट्राई कर सकती हैं और खर्च भी कम आएगा। वहीं कैंपिंग का भी मजा ले सकती हैं। लेकिन मौसम की जानकारी लेने के बाद ही कैंपिंग प्लान करना चाहिए।

**घूमने का समय**

मार्च से जून के महीने में यहां पर मौसम काफी ज्यादा सुहावना रहता है। यहां पर हरियाली भी काफी सुंदर दिखती है। वहीं सितंबर से नवंबर में बारिश के दौरान यहां की प्राकृतिक सुंदरता कई गुना बढ़ जाती है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only | Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170